माननीय एन0जी0टी0, नई दिल्ली में ओ0ए0 सं0 613/2022 राम मिलन साहनी बनाम स्टेट ऑफ उ0प्र0 में पारित आदेश दिनांक 06.01.2023 के सम्बन्ध में।

---

माननीय एन0जी0टी0, नई दिल्ली में ओ0ए0 सं0 613/2022 राम मिलन साहनी बनाम स्टेट ऑफ उ0प्र0 में पारित आदेश दिनांक 06.01.2023 के मुख्य अंश निम्नवत हैः–

"In view of the averments made in the application and observations made in the report, we consider it appropriate to have response of (1) the State of Uttar Pradesh, through Chief Secretary, Government of Uttar Pradesh; (2) the Principal Secretary, Directorate of Environment, U.P.; (3) the UPPCB; (4) the Commissioner, Municipal Corporation, Gorakhpur and (5) the District Magistrate, Gorakhpur, Uttar Pradesh, who stand impleaded as Respondents No. 1 to 5. The Registry is directed to prepare and attach memo of parties to the application."

उक्त पारित आदेश के पूर्व में माननीय एन0जी0टी0 द्वारा पारित आदेश दिनांक 23.09.2022 के अनुपालन में एक्शन टेकेन रिपोर्ट की छायाप्रति संलग्न है।

उक्त एक्शन टेकेन रिपोर्ट में अद्यतन स्थिति निम्नवत है :–

1. नगर निगम द्वारा सुथनी में 500TPD के सूखा कूड़े का प्रोसेसिंग प्लाण्ट निर्माणाधीन हैं, जिसकी लागत 2840.16 लाख है तथा सिविल कार्य 45% पूर्ण हो चुका है। इसके साथ ही वर्तमान में 05TPD की क्षमता के सूखे कूड़े के निस्तारण हेतु एम0आर0एफ0 प्लाण्ट परिसर में श्रेडिंग व कम्प्रेश मशीनों को स्थापित किया गया है। उक्त के अतिरिक्त 05 TPD की क्षमता के 05 अदद एम0आर0एफ0 प्लाण्ट निर्मित करने के लिये स्थल चिन्हाकंन कर निविदा आमंत्रित की जा चुकी है। दो स्थानों पर कार्य प्रारम्भ हो चुका है।
2. वर्तमान में नगर निगम द्वारा डोर–टू–डोर सेग्रीगेटड कूड़ा कलेक्शन के अन्तर्गत प्राप्त कूड़े का 65% गीला कूड़ा, जो की लगभग 379.66 TPD में 64 प्रतिशत लगभग 242 TPD कूड़ा प्राप्त हो रहा है के लगभग 70% (169 TPD) का प्रसंस्करण किया जा रहा है। महानगर को कूड़ा मुक्त किये जाने हेतु डोर–टू–डोर सेग्रिगेटड कूड़ा कलेक्शन हेतु 56 वाहनों की व्यवस्था की गयी है। इसके साथ ही 57 वाहनों के लिये कार्यादेश निर्गत किया जा चुका है। शीघ्र ही आपूर्ति प्राप्त कर ली जायेगी।
3. एकला बन्धे पर उपलब्ध लिगेसी वेस्ट के निस्तारण हेतु क्षेत्रीय नगर एवं पर्यावरण अध्यन केन्द्र, लखनऊ के द्वारा डी0पी0आर0 तैयार की ली गयी है। शीघ्र ही निविदा आमंत्रित कर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

**संलग्नक : यथोपरि।**

03/02/2023

अपर नगर आयुक्त

नगर निगम, गोरखपुर

# नगर निगम, गोरखपुर



मा0 एन0जी0टी0, नई दिल्ली में ओ0ए0 सं0 613/2022 राम मिलन साहनी बनाम स्टेट ऑफ उ0प्र0 में पारित आदेश दिनाँक 23.09.2022 के संबंध में।

मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण नई दिल्ली में ओ0ए0 सं0 613/2022 राम मिलन साहनी बनाम स्टेट ऑफ उ0प्र0 में पारित आदेश दिनाँक 23.09.2022 के द्वारा नगर निगम, गोरखपुर क्षेत्र में लीगेसी वेस्ट के संबंध में अवगत कराना है कि :

1 गोरखपुर शहर का कुल सीवेज जनरेशन 100 MLD/प्रति दिन।

2 वर्तमान में जनित नगरीय ठोस अपशिष्ट की मात्रा 379.66 TPD।

3 लिगेसी नगरीय ठोस अपशिष्ट की मात्रा 29000 MT।

4 उपरोक्त के साथ ही यह अवगत कराना है कि वर्तमान में प्रति दिन सूखा कचरा/मिक्स कूड़ा एकला बंधे में ले जाते है जहाँ नगर निगम से पंजीकृत रैक पीकर्स के द्वारा मौके पर ही कूड़े की छटाई कर सूखे कूड़े को अलग अलग कर लिया जाता है। तत्पश्चात वैज्ञानिक पद्धति से स्थल को उपचारित किया जाता है, इस कार्य हेतु मौके पर तीन पोकलेन मशीन लगाई गई है। गीले कूड़े को MRF परिसर, कान्हा उपवन में निर्मित पिट कम्पोस्टिंग एवं बेड कम्पोस्टिंग के माध्यम से कम्पोस्ट तैयार किया जाता है।

5 नगर निगम द्वारा सुथनी में 500TPD के सूखा कूड़े का प्रोसेसिंग प्लाण्ट निर्माणाधीन है जिसकी लागत 2840.16 लाख है तथा सिविल कार्य 45% पूर्ण हो चुका है। इसके साथ ही वर्तमान में 05 TDP की क्षमता के सूखे कूड़े के निस्तारण हेतु MRF प्लान्ट परिसर में बेलिंग एवं कम्प्रेश मशीनों को स्थापित किया गया है। उक्त के अतिरिक्त 05 TDP की क्षमता के 05 अदद MRF प्लान्ट निर्मित करने के लिए स्थल चिन्हांकन कर निविदा प्रक्रिया की कार्यवाही की जा रही है।

6 नगर निगम गोरखपुर में Bio-CNG Plant की स्थापना हेतु आमन्त्रित EOI को मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली कमेटी आफ सेक्रेटीज द्वारा **Ever Enviro** के पक्ष में मंजूरी प्रदान कर दी गई है। संस्था द्वारा गीले कचरे की समुचित प्रबन्धन हेतु बायो CNG Plant ग्राम सुथनी, सहजनवा स्थित ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन हेतु स्थापित किये जा रहे प्लाण्ट के परिसर में स्थापना हेतु पी0पी0पी0 मॉडल पर कार्य किया जायेगा, जिस पर लगभग रू0 150 करोड़ के व्यय का अनुमान है। नगर निगम इस प्लान्ट कों प्रति दिन लगभग 250 MT गीला कूड़ा उपलब्ध करायेगी। उक्त मंजूरी निम्न शर्तों के अधीन प्रदान की गई है:-

A कचरे के सेग्रीगेशन हेतु वार्ड स्तर पर वृहद स्तर पर जन जागरूकता का कार्यक्रम निकाय के द्वारा चलाया जाए। जिसमें आर0डब्लू0ए0, एन0जी0ओ0, स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति, तथा मुहल्ला समितियों को जोडा जाए।

B गीले कचरो को प्रोसेसिंग प्लाण्ट तक भेजने के लिए सभी संसाधनो का समुचित प्रबन्धन किया जाए। हरे नीले डस्टबिनो का वितरण, डोर टू डोर सेग्रीगेटड कूड़ा कलेक्शन के वाहनो की पर्याप्त व्यवस्था के साथ ट्रान्सफर स्टेशन स्थापित किया जाए। **Ever Enviro** के प्रतिनिधि के द्वारा सेग्रीगेटेड गीले कचरे के क्षेत्र में तकनीकी सहायता उपलब्ध कराने की

बात रखी गयी है ताकि प्लाण्ट हेतु गुणवत्ता पूर्वक समुचित मात्रा मे गीले कचरे की उपलब्धता हो सके।

7- वर्तमान में नगर निगम द्वारा डोर टू डोर सेग्रीगेटेड कूड़ा कलेक्शन के अन्तर्गत प्राप्त कूड़े का 65% गीला कूड़ा जोकि लगभग 379.66 TDP में 64% लगभग 242 TDP कूड़ा प्राप्त हो रहा है के लगभग 70% (169TPD) का प्रसंस्करण किया जा रहा है। महानगर को कूड़ा मुक्त किये जाने हेतु डोर टू डोर सेग्रीगेटेड कूड़ा कलेक्शन हेतु 56 वाहनो की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही 27 वाहनो के लिए टेण्डर प्रकिया पूर्ण कर ली गई है, तथा इसके अतिरिक्त 30 नये वाहनो को क्रय किये जाने हेतु कार्यवाही की जा रही है।

8- बल्क वेस्ट जनरेटरो को, जो कि 50-100 किलो से ज्यादा कूड़ा उत्पादित करते है, ऑन साईट कम्पोस्टिंग किये जाने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही साथ RWA सोसाईटी द्वारा भी अपने सोसाईटी में ऑन साईट कम्पोस्टिंग करते हुए गीले कचरे का निस्तारण कराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त विभिन्न अन्य सोसाईटियों में होम कम्पोस्टिंग किये जाने हेतु प्रेरित किया जा रहा है।

9- जन जागरूकता के माध्यम से भी वार्डो में होम कम्पोस्टिंग किये जाने हेतु प्रेरित किया जा रहा है, साथ ही साथ वार्डो में कम्पोस्टर पीट भी स्थापित कराया गया है, ताकि गीले कचरे से सामुदायिक कम्पोस्टिंग की जा सके।

10- लिक्विड वेस्ट के निस्तारण के लिए 30 MLD एवं 15 MLD के 02 अदद STP कार्य कर रहे है। बायो माईनिंग हेतु DPR तैयार कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

इस प्रकार राष्ट्रीय हरित अधिकरण में दाखिल राममिलन साहनी बनाम स्टेट ऑफ उत्तर प्रदेश में ओ0ए0 सं0 613/2022 में वर्णित तथ्यो के दृष्टिगत एवं उपरोक्त वर्णित तथ्यो के दृष्टिगत अवगत कराना है कि वर्तमान में एकला बंधे पर आने वाले प्रतिदिन के कचरे को मशीनो के माध्यम से Remediation किया जाता है। सुथनी में निर्माणाधीन प्लान्ट पूर्ण होते ही इसे शिफ्ट कर दिया जाएगा। एवं नगर निगम, गोरखपुर पर्यावरण के संरक्षण हेतु अपनाए जाने वाली सारी प्रक्रियाओं के अनुपालन हेतु प्रतिबद्ध है।

अपर नगर आयुक्त
नगर निगम, गोरखपुर।